शिक्षा का मतलब चरित्र और दृढ़ता का निर्माण करना : पीयूष

दीक्षा समारोह में 714 विद्यार्थियों को दिए डिप्लोमा सर्टिफिकेट

गुरुग्राम के मैनेजमेंट डेवलपमेंट इंस्टीट्यूट (एमडीआई) में आयोजित दीक्षा समारोह में मंचासीन केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल(दाएं) साथ में अन्य। • जागरण

जागरण संवाददाता, गुरुग्राम: केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने कहा कि शिक्षा का मतलब केवल डिग्री हासिल करना नहीं, बल्कि अपने चरित्र और दृढ़ता का निर्माण करना है। पीयूष गोयल शनिवार को एमडीआई गुड़गांव और मुर्शीदाबाद के संयुक्त दीक्षा समारोह को बतौर मुख्य अतिथि संबोधित कर रहे थे। इस दौरान उन्होंने सफल सभी विद्यार्थियों को सर्टिफिकेट देते हुए शुभकामनाएं दीं।

मैनेजमेंट डेवलपमेंट इंस्टीट्यूट (एमडीआई) गुरुग्राम और मुर्शीदाबाद की ओर से गुरुग्राम परिसर में हुए दीक्षा समारोह में 714 विद्यार्थियों को डिप्लोमा सर्टिफिकेट दिए गए। शैक्षणिक वर्ष 2021-23 के बैच में विभिन्न पोस्ट ग्रेजुएट कार्यक्रमों के लिए 556 विद्यार्थियों को एमडीआई गुड़गांव से डिप्लोमा प्रदान किया गया। इनमें सात फैलो स्कालर्स शामिल थे। संस्थान ने मेधावी विद्यार्थियों को 21 पदक वितरित किए। एमडीआई मुर्शीदाबाद ने पीजीडीएम कार्यक्रम के लिए 158 विद्यार्थियों को डिप्लोमा और पांच पदक वितरित किए। समारोह में एमडीआई के चेयरमैन रजनीश कुमार कार्यवाहक डायरेक्टर डा. संगीता शाह भारद्वाज, एमडीआई मुर्शीदाबाद के डायरेक्टर डा. आत्मानंद, फैकल्टी सदस्य, विद्यार्थी और अभिभावक शामिल हुए। इस दौरान लोगों खूब उत्साह देखने को मिला।

एस०एस०वी० कॉलिज, हापुड़–245101